आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 05.01.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने प्रदेश में ट्रैकिंग और पर्वतारोहण के लिए एकीकृत नीति तैयार करने के निर्देश दिए।
- राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने देहरादून जिले के विभिन्न सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थानों में आयुष्मान जागरूकता कार्यक्रम चलाया।
- टिहरी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन सोलर लाइटें लगा रहा है।
- बागेश्वर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो एवं पैरा ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने प्रदेश में ट्रैकिंग और पर्वतारोहण के लिए नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ट्रैकिंग और पर्वतारोहण की एकीकृत नीति को 15 जनवरी तक शासन को प्रस्तुत किए जाने की बात कही। एक रिपोर्ट— मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आज सचिवालय में वन विभाग के तहत इको टूरिज्म के संबंध में उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि नीति तैयार करने से पहले निजी हितधारकों से भी संवाद किया जाए, ताकि इसके बनने के बाद आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से बचा जा सके। मुख्य सचिव ने ट्रैकिंग के लिए नई चोटियां खोले जाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए पर्यावरण ऑडिट सहित अन्य सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं। उन्होंने शीघ्र ही इसकी एसओपी भी जारी करने की बात कही। मुख्य सचिव ने चौरासी कुटिया के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने इको टूरिज्म के लिए जबरखेत मॉडल को अन्य चिन्हित इको टूरिज्म स्थलों पर भी लागू किए जाने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने वन क्षेत्र के अंतर्गत पर्यटन गतिविधियों के संचालन के लिए मैकेनिज्म तैयार किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इनके संचालन की जिम्मेदारी इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड को दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि इसका गठन ही इसी उद्देश्य से किया गया है।

आयुष्मान जागरूकता

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने आज देहरादून जिले के विभिन्न सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थानों में आयुष्मान जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीज, उनके तीमारदार और ओपीडी में आए लोगों को आयुष्मान व एबीडीएम की विभिन्न जानकारी देने के साथ ही पैम्फलेट व अन्य प्रचार सामाग्री वितरित की गई। इसके अलावा विशेषतौर पर 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए संचालित वय वंदना कार्ड के बारे में विस्तार से समझाया गया। अस्पतालों में आयुष्मान योजना को लेकर मरीजों को भ्रमित करने वाले तत्वों से सावधान रहने की अपील करती और योजना की सार्वभौमिकता युक्त प्रचार सामाग्री भी वितरित की गई। गौरतलब है कि राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद सिंह ह्यांकी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी के निर्देशों के अनुपालन में आयुष्मान योजना व आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की महत्वपूर्ण जानकारियों को जन—जन तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

बांस वस्तुएं/प्रशिक्षण

पौड़ी जिले में कोटद्वार के पनियाली में बांस से विभिन्न प्रकार की वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण विशेषकर अनुसूचित जाति के लोगों के उत्थान के लिए दिया जा रहा है। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग ने बताया कि कोटद्वार और पौड़ी जिले में बांस से बनी वस्तुओं का एक बहुत बड़ा केंद्र हो सकता है। उन्होंने कहा कि बांस से बनी वस्तुओं की बाजार में काफी मांग है। श्री गर्ग ने कहा कि लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया जा रहा है।

शिवपुर निवासी रीना देवी ने कहा कि प्रशिक्षण लेने के बाद वे भविष्य में समूह के माध्यम से स्वरोजगार कर सकती हैं।

सोलर लाइट

टिहरी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ग्रामीण क्षेत्रों से सटे गांवों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से सोलर लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। सोलर लाइटें सार्वजनिक स्थानों, संपर्क मार्गों, देवालयों और गांव के अन्य प्रमुख स्थलों पर लगाई जा रही हैं। टिहरी के प्रभागीय वनाधिकारी पुनीत तोमर ने बताया कि जिले में पिछले कुछ समय से भालू की गतिविधियां बढ़ी हैं। इसके देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाइट लगाई जा रही हैं।

सोलर लाइट लगाने के अभियान में जनप्रतिनिधियों का भी सक्रिय सहयोग लिया जा रहा है, ताकि स्थानीय जरूरतों के अनुसार स्थानों का चयन किया जा सके।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता

बागेश्वर में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो एवं पैरा ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू हो गई है। विधायक पार्वती दास ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बागेश्वर जिले ने ताइक्वांडो खेल में अपनी एक अलग और मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यहां के खिलाड़ी हर वर्ष राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। जिला ताइक्वांडो एवं पैरा ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव किशोर कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 200 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता सब जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्ग में आयोजित की जा रही है, जिसमें बालक—बालिका वर्ग के साथ पैरा ताइक्वांडो के खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं।

जनसुनवाई कार्यक्रम

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की कई समस्याओं का निस्तारण किया गया। देहरादून कलेक्ट्रट में अपर जिलाधिकारी के.के. मिश्रा की अध्यक्षता में जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 88 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकांश शिकायत भूमि संबंधी थी। इसके अतिरिक्त आपसी विवाद, सामाजिक और व्यक्तिगत समस्याओं से जुड़ी शिकायतें भी शामिल रहीं। अपर जिलाधिकारी ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उधर, हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 87 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 42 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजा गया। वहीं, चम्पावत जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आर्थिक सहायता, भूमि विवाद, आवास और पेयजल सहित कई अन्य समस्याओं का समाधान किया गया।